# 17 अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों की मेजबानी करेगा यूपीईएस

देहरादून, 16 अक्तूबर (नवोदय टाइम्स): यूपीईएस विश्वविद्यालय 17-19 अक्तूबर को एक्युमेन सेन्नम एल4 की शिक्षा शाखा के साथ मिलकर दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में 17 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के लगभग 25-30 प्रतिनिधियों का स्वागत किया जाएगा, जो उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए विशेष रूप से तैयार की गई शिक्षण रिट्रीट में भाग लेंगे।

वर्कशॉप शीर्ष स्तर के वैश्विक संस्थानों के प्रतिनिधियों को यूपीईएस के इनोवेटिव अकादमिक वातावरण, रिसर्च क्षमताओं और अत्याधुनिक सुविधाओं की सारी जानकारी देगी।

वर्कशॉप में भाग लेने वाले विश्वविद्यालय यूनाइटेड किंगडम, यूनाइटेड स्टेट्स, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया सहित चार देशों से हैं। वर्कशॉप में भाग लेने वाले संस्थानों में किंग्स कॉलेज लंदन, द ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी, यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क, यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर, यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स, फोर्डहम यूनिवर्सिटी, एबरिस्टविथ यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, एडिथ कोवान यूनिवर्सिटी, लेकहेड यूनिवर्सिटी, ओंटारियोटेक यूनिवर्सिटी, शेफील्ड हॉलम यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ लिंकन, यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउथ, यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया और यॉर्क यूनिवर्सिटी शामिल है।

इस वर्कशॉप में लॉन्ग-टर्म अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को बढ़ावा देने की क्षमता है। ये सहयोग न केवल यूपीईएस के छात्रों और शिक्षकों के लिए वैश्विक संपर्क को बढ़ाएंगे बल्कि एक्सचेंज प्रोग्राम, ग्लोबल पाथवे प्रोग्राम, अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप, शोध और नवाचार आदि सहित छात्र और संकाय गतिशीलता के अवसर भी पैदा करेंगे। ऐसे अंतरराष्ट्रीय संबंध यूपीईएस के अपने छात्रों के लिए वैश्विक रूप से समृद्ध शिक्षण अनुभव प्रदान करने के दृष्टिकोण को और मजबूत करेंगे और एक ग्लोबल अकादमिक कम्युनिटी में योगदान देंगे।

यूपीईएस के पास यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले, यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग, यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स, यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड, यूनिवर्सिटी ऑफ एडिलेड, यूनिवर्सिटी ऑफ ऑकलैंड जैसे शीर्ष विश्वविद्यालयों के साथ मजबूत अंतरराष्ट्रीय सहयोग है।

वर्कशॉप के बारे में बोलते हुए, यूपीईएस के वाइस चांसलर डॉ. राम शर्मा ने कहा कि हम अपनी वैश्विक पहुंच का विस्तार करने और अपने छात्रों और शिक्षकों को प्रदान किए जाने वाले अवसरों को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। यह वर्कशॉप गहन अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और दुनिया के कुछ अग्रणी संस्थानों के साथ पुल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा मानना है कि अपने वैश्विक भागीदारों के साथ ज्ञान और विशेषज्ञता साझा करके, हम एक अधिक समृद्ध शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र बना सकते हैं, जो क्रॉस-कल्चर सीखने,

रिसर्च और इनोवेशन के अवसर प्रदान करता है। अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए हमारी प्रतिबद्धता केवल दुनिया को यूपीईएस में लाने के बारे में नहीं है, बल्कि हमारे छात्रों को वैश्विक मंच पर सफल होने के लिए तैयार करने के बारे में भी है।

यूपीईएस के स्कूल ऑफ लॉ के डीन और अंतरराष्ट्रीय मामलों के प्रमुख डॉ. अभिषेक सिन्हा ने कहा कि यह कार्यशाला यूपीईएस के लिए वैश्विक शिक्षा जगत के साथ अपने जुड़ाव को गहरा करने का एक रोमांचक अवसर है। यह आयोजन छात्रों और शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव और सीखने के अवसर प्रदान करने की यूपीईएस की निरंतर प्रतिबद्धता के अनुरूप है।